# मेवाड़ विश्वविद्यालय में कार्यशाला शुरू

गंगरार | मेवाड़ विश्वविद्यालय के जन एवं माध्यम संचार विभाग द्वारा ग्राफिक्स एवं एनिमेशन विषय पर सात दिवसीय कार्यशाला शुरू हुई। उद्घाटन विश्वविद्यालय के डीन एकेडमिक सीके शर्मा ने किया। कार्यक्रम में होटल प्रबंधन विभागाध्यक्ष दुष्यंत कुमार ने विचार व्यक्त किए। कार्यशाला के समन्वयक सैय्यद नासिर हसन ने ग्राफिक्स एवं एनिमेशन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। जन एवं माध्यम संचार विभागाध्यक्ष डॉ. रणजीत कुमार ने प्रतिभागियों को प्रेरित किया।

# मृदा की उर्वरता बढ़ाने की दी जानकारी

गंगरार. मेवाड़ विश्वविद्यालय में कृषि इंजीनियिंरग व अनुप्रयुक्त विज्ञान में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. आरके पालीवाल व विशिष्ट अतिथि डॉ. आरएल सुवालका डीन एग्रीकल्चर कैरियर पॉइंट विश्विद्यालय कोटा भागीरथ सोनी, रजिस्ट्रार एमडीएस विश्विविद्यालय अजमेर, डॉ. एसबीएस पाण्डे, सहप्राध्यापक हॉर्टिकल्चर महाविद्यालय झालावाड़, डॉ. देवेन्द्र जैन, डॉ. एसके आचार्य, डॉ. ओपी भट्ट्ट, डॉ. बलवंत मेश्राम, सीमादेवी सालवी सरपंच, सुवनिया ग्राम पंचायत व किसान मौजूद थे। डॉ. पालीवाल ने बताया कि किसानों को योजनाओं से लाभान्वित होना चाहिए। डॉ. आरएल सुवालका ने भारतीय कृषि की प्रकृति पर चर्चा की। मृदा की उर्वरता बढ़ाने व मृदा को उपजाऊ बनाने पर जानकारी दी।

# ग्राफिक्स एवं एनिमेशन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा

## सात दिवसीय कार्यशाला शुरू

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
rajasthanpatrika.com

गंगरार. मेवाड़ विश्वविद्यालय के जन एवं माध्यम संचार विभाग की ओर से ग्राफिक्स एवं एनीमेशन विषय पर सात दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन विवि के डीन एकेडमिक सीके शर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि आकर्षक मुद्रण से लेकर फिल्मों तक को लोकप्रिय बनाने में ग्राफिक्स एवं एनिमेशन की विशेष भूमिका रहती है साथ ही रोजगार की दृष्टि से भी ये एक महत्वपूर्ण विषय है।

कार्यक्रम में होटल प्रबंधन विभागाध्यक्ष दुष्यंत कुमार ने कहा कि ग्राफिक्स एवं एनीमेशन कई क्षेत्र में आवश्यक है। इसके अभाव में किसी भी व्यावसायिक प्रतिष्ठान का प्रसार करना मुश्किल है।

समन्वयक सैय्यद नासिर हसन ने ग्राफिक्स एवं एनिमेशन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। यह विषय तकनीकी संकाय के विद्यार्थियों के साथ-साथ कला संकाय के विद्यार्थियों के लिए भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि संचार के प्रत्येक क्षेत्र में ग्राफिक्स एवं एनिमेशन की आवश्यकता होती है। इसका विशेषज्ञ सोशल मीडिया सहित अन्य तकनीकी माध्यमों से रोजगार सुनिश्चित कर सकता है। जन एवं माध्यम संचार विभागाध्यक्ष डॉ. रणजीत कुमार ने कहा कि सात दिन ग्राफिक्स एवं एनिमेशन के सैद्धातिक एवं व्यवहारिक विषयों पर जानकारी प्राप्त कर विशेषज्ञों से विस्तार से चर्चा करे।